This question paper contains **3** printed pages]

AF—42—2016

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

OCTOBER/NOVEMBER, 2016

HINDI

Paper V

(प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य–भाग-2)

(Thursday, 17-11-2016) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) रहिमन देखि बडेन को, लघु न दीजिए डारि। 10

जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि॥

कहु रहीम कैसे निभै, बेर केर को संग।

वे डोलत रस आपने, उनके फाटत अंग॥

अथवा

मेरी भवबाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।

जा तन की झाँई परै, स्यामु हरित-दुति होइ॥

जोग-जुगति सिखए सबै, मनौ महामुनि मैन।

चाहत पिय-अद्वैतता काननु सेवत नैन॥

(आ) कमला थिर न रहीम कहि, यह जानत सब कोय। 10

पुरुष पुरातन की बधू, क्यों न चंचल होय॥

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।

चंदन विष व्यापत नही, लपटे रहत भुजंग॥

P.T.O.

B01ACB9E10406949971D90F88CBC8CC9

अथवा

जद्यपि सब बैकुंठ बखाना। वेद पुरान बिदित जगु जाना॥
अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोऊ। यह प्रसंग जानइ कोऊ कोऊ॥
जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि वह सरजू पावनि॥
जा मज्जन ते बिनहिं प्रयासा। मम समीप नर पावहि बासा॥

2. उत्तरकांड में व्यक्त रामराज्य का निरूपण कीजिए। 20

अथवा

बिहारी के काव्य में शृंगार और भक्ति का अद्‌भूत समन्वय हुआ है — पठित दोहों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) रहीम के नीतिपरक विचार; 10

अथवा

बिहारी की विरह-भावना।

(आ) रहीम के काव्य में व्यक्त सामाजिकता; 10

अथवा

तुलसी की भक्तिभावना।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 15-20 पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) रसखान के साहित्य का परिचय दीजिए।

(*ii*) गुरुगोविंदसिंह का जीवन-परिचय लिखिए।

(*iii*) देव का काल विशेष में स्थान स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) भूषण के साहित्य की विशेषताओं को विशद कीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'प्रेमवाटिका' में कुल कितने दोहे हैं ?

(*ii*) भूषण की कविता का प्रधान रस कौनसा है ?

(*iii*) गुरुगोविंदसिंह का जन्म किस शहर में हुआ ?

B01ACB9E10406949971D90F88CBC8CC9

(*iv*) देव कवि का जन्म किस ई. सन् में हुआ ?

(*v*) 'रसराज' रचना के कवि कौन हैं ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) कवि देव .... शहर के निवासी थे।

(*ii*) छ. शिवाजी महाराज पर .... कवि ने रीतिकाल में कविता की है।

(*iii*) गुरुगोविंदसिंह की माता का नाम .... था।

(*iv*) 'सुजान रसखान' के रचयिता .... हैं।

(*v*) मतिराम की मृत्यू .... ई. सन् में हुई।

B01ACB9E10406949971D90F88CBC8CC9